तापमान
अधिकतम 39 .0 डिग्री
न्यूनतम 18 .3 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार 2 मई 2026

**शहर में आज**
- उपायुक्त सचिन गुप्ता की अधिकारियों के साथ बैठक सुबह 11 बजे
- वैश्य कॉलेज में नेशनल क्रिकेट प्रतियोगिता सुबह 10 बजे
- वार्ड- 10 में विकास कार्यों का शुभारंभ सुबह 9 बजे

**खबर संक्षेप**

### सवा एकड़ से निकलवाई गेहूं की फसल, केस

**महम।** फरमाणा गांव के एक किसान के खेत से गेहूं की फसल निकाल ली गई। इस संबंध में उसने महम थाने में शिकायत दी है। पुलिस को दी शिकायत में फरमाणा खास गांव निवासी शशि कुमार पुत्र लाल चंद ने बताया कि उसके खेत में सवा किल्ला गेहूं की फसल थी। रात को ढाई बजे उसके खेत से दीपक पुत्र जय सिंह ने उसके गेहूं निकलवा लिए। उसने सुबह जाकर खेत में देखा तो वहां पर उसे उसकी गेहूं की फसल नहीं मिली। पीड़ित ने कहा कि कि आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। इस मामले में पुलिस ने दीपक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### महम : बीए प्रथम वर्ष का छात्र लापता

**महम।** गवर्नमेंट कॉलेज महम में बीए प्रथम वर्ष की पढाई कर रहा एक छात्र लापता हो गया। परिजनों ने इसकी शिकायत महम थाने में दी है। पुलिस को दी शिकायत में फरमाणा बादशाहपुर गांव निवासी बलराज पुत्र छोटू राम ने बताया कि उसके पास तीन बच्चे हैं। जिनमें दो लड़के और एक लड़की है। सबसे छोटा लड़का बलकेश है। उसकी उम्र 22 साल है। उसका लड़का महम कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष में पढ़ता है। 29 अप्रैल को उसका लड़का कॉलेज में पढ़ने के लिए घर से गया था। पुलिस ने इस संबंध में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### फरमाणा खास का 16 वर्षीय युवक लापता

**महम।** महम क्षेत्र के गांव फरमाणा खास का 16 वर्षीय युवक कार्तिक शादी समारोह से लापता हो गया। परिजनों ने इसकी शिकायत महम थाने में दी है। शिकायतकर्ता अमित ने बताया कि परिवार खरकड़ा गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। शाम करीब 3 बजे कार्तिक अपनी मां के साथ खाना खा रहा था, जिसके बाद वह अचानक गायब हो गया। परिजनों ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। कार्तिक 11वीं कक्षा का छात्र है और उसे बोलने में भी थोड़ी दिक्कत है।

### लूट में शामिल दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** कच्चा बेरी रोड पर हुई लूट की वारदात में शामिल दूसरे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 25 अप्रैल को उत्तर प्रदेश निवासी पप्पू ने शिकायत दी थी कि दो बाइक सवार युवकों ने उसकी गर्दन पर चाकू रखकर 1000 रुपये छीन लिए थे। शिकायत पर थाना शहर में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने जांच के दौरान तकनीकी और स्थानीय इनपुट के आधार पर आरोपी कवित उर्फ सन्नी निवासी काठ मंडी को गिरफ्तार किया। इससे पहले एक आरोपी पकड़ा जा चुका है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

**सीआईए ने तेज की निगरानी**

# रंगदारी मांगने वालों पर एक्शन, गैंगस्टरों की उलटी गिनती शुरू

## बदमाशों ने 6 महीनों में 10 बड़े व्यापारियों, डॉक्टरों, ट्रांसपोर्टर, कोचिंग सेंटर चलाने वालों को निशाना बनाया

***जेल से चल रहे नेटवर्क पर भी पुलिस की नजर, तकनीकी जांच से हो रही पहचान***

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

रंगदारी मांगने वाले गैंगस्टारों और बदमाशों के खिलाफ अब पुलिस ने निर्णायक मोर्चा खोल दिया है। हाल के दिनों में डॉक्टरों, व्यापारियों स्कूल संचालकों से रंगदारी मांगने के लगातार सामने आ रहे मामलों ने पूरे शहर में भय का माहौल पैदा कर दिया था। लेकिन अब नए एसपी के सख्त रुख ने साफ कर दिया है कि अपराधियों के दिन अब गिने-चुने रह गए हैं। सूत्रों के अनुसार, कुछ संगठित गैंग शहर में सक्रिय हैं, जो फोन कॉल, व्हाट्सएप और सोशल मीडिया के जरिए धमकी देकर मोटी रकम की मांग कर रहे हैं। खास बात यह है कि इन बदमाशों ने करीब 6 महीनों में करीब दस स्कूल संचालकों, कोचिंग सेंटर चलाने वालों और बड़े व्यापारियों को निशाना बनाया है। कई मामलों में खुद को बड़े गैंग से जुड़ा बताकर डर का माहौल बनाया गया, ताकि लोग बिना शिकायत किए पैसे दे दें। लेकिन इस बार पुलिस ने इस चुनौती को सीधे तौर पर स्वीकार किया है। एसपी ने जिले के सभी थाना प्रभारियों, सीआईए टीमों और स्पेशल यूनिट्स के साथ हाई लेवल बैठक कर साफ निर्देश दिए हैं कि रंगदारी मांगने वालों की पहचान कर उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए।



### गैंग की पहचान करना सबसे बड़ी चुनौती

पुलिस ने इस पूरे मामले में तकनीकी जांच को सबसे बड़ा हथियार बनाया है। जिन नंबरों से धमकी भरे कॉल किए गए हैं, उनकी कॉल डिटेल निकाली जा रही है और लोकेशन ट्रैकिंग के जरिए आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। इसके साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी नजर रखी जा रही है, जहां से कई बार धमकी भरे संदेश भेजे जाते हैं। इसके अलावा, शहर के उन इलाकों को चिन्हित किया गया है, जहां पहले भी इस तरह की गतिविधियां सामने आ चुकी हैं। इन हॉटस्पॉट क्षेत्रों में पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है और सीसीटीवी कैमरों के जरिए हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है।

### अपराधियों के संपर्क में रहने वालों पर नजर

जांच में यह भी सामने आया है कि कुछ गैंगस्टर जेल में रहते हुए भी अपने नेटवर्क के जरिए बाहर वारदातों को अंजाम दिलवा रहे हैं। ऐसे में पुलिस जेल के अंदर और बाहर दोनों जगह अपनी नजर बनाए हुए है। जेल में बंद अपराधियों के संपर्क में रहने वाले लोगों की भी निगरानी की जा रही है, ताकि पूरे नेटवर्क को एक साथ तोड़ा जा सके। एसपी ने साफ कहा है कि जिले में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। रंगदारी मांगने वाले बदमाशों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी, चाहे वे किसी भी गैंग से जुड़े क्यों न हों। हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है।

### पुलिस के एक्शन से भरोसा बढ़ा

पुलिस की इस कार्रवाई से शहर के व्यापारियों और शिक्षा संस्थानों से जुड़े लोगों में उम्मीद जगी है। कई व्यापारियों का कहना है कि पिछले कुछ समय से डर का माहौल बना हुआ था, लेकिन अब पुलिस के एक्शन से भरोसा बढ़ा है। पुलिस प्रशासन ने भी साफ किया है कि अगर किसी को रंगदारी की धमकी मिलती है, तो वह बिना डर के तुरंत पुलिस को सूचित करे। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

**पुलिस का फोकस**
- वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी
- रंगदारी मामलों की त्वरित जांच
- अवैध हथियारों की बरामदगी
- गैंगस्टर फंडिंग पर रोक
- पुराने मामलों की समीक्षा

**ये लोग निशाने पर**
- कोचिंग सेंटर संचालक
- बड़े व्यापारी
- प्रॉपर्टी डीलर
- निजी स्कूल संचालक
- ट्रांसपोर्ट कारोबारी

## कमर्शियल गैस सिलेंडर 994 रुपये महंगा, अब 3071.50 रुपये में मिलेगा

**15 वाला चाय का प्याला अब 20 रुपये में मिलेगा**

# महंगाई का सिलेंडर बम, चाय के प्याले से शादी तक पर मार

**80 वाली थाली 100 की, शादी के लिए होटल की बुकिंग भी हो सकती है महंगी**

**पांच किलो वाले छोटू सिलेंडर के दाम भी 261 रुपये बढ़े**

**450 से ज्यादा ढाबे, रेस्टोरेंट बैंक्वेट हॉल में गैस होती प्रयोग**

मनोज वर्मा ▶▶। रोहतक

महंगाई ने एक बार फिर आम आदमी की रसोई से लेकर रोजमर्रा की जिंदगी तक पर सीधा वार किया है। कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में एक झटके में 993 रुपये की बढ़ोतरी ने बाजार का पूरा गणित ही बदल दिया है। इसका असर अब सिर्फ होटलों और ढाबों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि चाय के प्याले, थाली, टिफिन, शादी-ब्याह और छोटे-बड़े कारोबार तक हर जगह दिखाई देगा। कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम एकदम 993 रुपये बढ़ने से हर वर्ग पर महंगाई का असर पड़ेगा। जो सिलेंडर 2135 रुपये मिल जाता था, अब 3071.50 रुपये में मिलेगा। इसका सीधा असर यह होगा कि जो चाय का प्याला 15 रुपये का मिल रहा है, वह 20 रुपये तक पहुंच जाएगा। रेस्टोरेंट या ढाबों पर जो थाली (डाइट, दो सब्जी, छह रोटी) 80 रुपये की मिल रही है, उसके रेट बढ़कर 100 रुपये तक होने जा रहे हैं। वहीं, पांच किलो का छोटा सिलेंडर 261 रुपये बढ़कर अब 813.50 रुपये का हो गया है।

### शहर में 200-250 बड़े होटल

रोहतक में करीब 200-250 बड़े होटल और कुल मिलाकर छोटे बड़े करीब 450 से ज्यादा रेस्टोरेंट, बैंक्वेट हॉल और ढाबे हैं। इनमें बड़े पैमाने पर गैस का इस्तेमाल होता है। ऐसे में रूम सर्विस से लेकर बुफे और शादी-ब्याह के पैकेज तक महंगे होने जा रहे हैं। इवेंट मैनेजमेंट कंपनियां भी बढ़ती लागत के चलते अपने पैकेज महंगे कर रही हैं। आम आदमी के लिए ढाबों रेस्टोरेंट पर खाना पहले से महंगा हो जाएगा। वहीं फैक्ट्रियां और उद्योग भी इससे अछूते नहीं हैं। बहुत सी फैक्ट्रियों में ईंधन में रूप में गैस का ही प्रयोग होता है। अब उत्पादन की लागत बढ़ जाएगी तो चारों तरफ महंगाई की मार झेलने के लिए आम आदमी को अपनी पीठ तैयार रखनी होगी।

### 2 माह पहले 60 रुपये की थी थाली

दो महीने पहले थाली यानी डाइट 60 रुपये में मिल रही थी, जो धीरे-धीरे 80 और अब इसी महीने 100 रुपये तक पहुंचने वाली है। यानी 2 महीने में आम आदमी की दाल रोटी दोगुने रेट के आसपास पहुंच गई है। वहीं, पहले 60 रुपये में मिलने वाला एक टाइम का टिफिन अब 80 रुपये तक पहुंच चुका है।



### नट बोल्ट उद्योग पर भी असर

एलपीजी पर निर्भर छोटे उद्योगों के सामने संकट गहरा गया है। प्लास्टिक, रबर और फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स में गैस की खपत ज्यादा होती है। रोहतक के नट बोल्ट विश्व में सप्लाई होते हैं। इनकी फैक्ट्री में गैस का प्रयोग किया जाता है। अब यह पूरी प्रक्रिया भी महंगी हो जाएगी यानी घरों में लगने वाले नट बोल्ट और महंगे दामों पर मिलेंगे।

### बुकिंग पोस्टपोंड कर रहे होटल वाले

होटल संचालकों को डर है कि आने वाले दिनों में सिलेंडर के दाम और बढ़ेंगे, इसलिए फिलहाल वह कोई फंक्शन के लिए बुकिंग नहीं ले रहे। सभी को बाद में आने की बात बोली जा रही है। आशंका है कि गैस की कीमत और बढ़ी तो उन्हें भयंकर घांटे का सामना करना पड़ेगा।

### इन पर भी पड़ सकती है मार

- **होटल स्टे महंगा:** रूम सर्विस और खाना महंगा होगा, होटल पैकेज, कुल मिलाकर होटल स्टे महंगा होने के लिए तैयार है।
- **स्कूल और कॉलेज कैंटीन :** कैंटीन का खाना महंगा होना तय है। हॉस्टल मेस फीस बढ़ सकती है। स्टूडेंट्स और अभिभावक परेशान होंगे।
- **हॉस्पिटल और कैफेटेरिया :** मरीजों का खाना महंगा होगा। हॉस्पिटल कैंटीन का खर्च बढ़ेगा।
- **सर्विस और डिलीवरी चार्ज :** अगर आप ऑनलाइन खाना ऑर्डर करते हैं तो फूड डिलीवरी चार्ज बढ़ जाएंगे।

### छोटे दुकानदारों पर संकट

सबसे ज्यादा संकट छोटे दुकानदारों पर है। चाय वाले, समोसा-पकौड़ी बेचने वाले और फास्ट फूड स्टॉल चलाने वालों का मार्जिन पहले ही बहुत कम होता है। अब गैस महंगी होने से कीमत बढ़ानी पड़ेंगी या घाटा सहना पड़ेगा। भला 20 रुपये की चाय कौन लेगा।

**-जितेंद्र, चाय की दुकान के संचालक**



### रेट बढ़ाना हो जाएगा मजबूरी

पहले हम 80 रुपये में भरपेट खाना देते थे, अब 100 रुपये भी कम पड़ रहे हैं। सब्जी, आटा, तेल पहले ही महंगे थे, अब गैस ने और दबाव बढ़ा दिया है। खाने के रेट बढ़ाना हमारी मजबूरी हो गई है। कई बार तो ग्राहक लड़ाई पर भी उतारू हो जाता है। **-महेश, रेस्टोरेंट संचालक**



### हर क्षेत्र में महंगाई की दस्तक

गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ने का असर अब हर उस कारोबार में दिख रहा है, जहां रसोई चलती है। रेस्टोरेंट, बेकरी, मिठाई की दुकानें और कैटरिंग सभी के खर्च में उछाल आया है। होटल वाले तो फंक्शन की नई बुकिंग तक नहीं ले रहे। शादी-ब्याह जैसे आयोजनों में अब कैटरिंग का खर्च बढ़ गया है। **-राजपाल, होटल संचालक**



### पैकेजिंग भी हो जाएगी महंगी

गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ने से एक चेन रिएक्शन शुरू हो गया है। फूड प्रोसेसिंग महंगी होगी, पैकेजिंग महंगी होगी और इससे बाजार में हर चीज के दाम बढ़ेंगे। अब हमें डर सता रहा है कि आने वाले दिनों में ग्राहकों की संख्या और कम हो जाएगी। **-रमेश कुमार, रेस्टोरेंट संचालक**



### कीमत बढ़ना जहर के समान

उद्योगों के लिए गैस की कीमत बढ़ना जहर के समान है। किसी भी तरह का उद्योग हो गैस के कारण उत्पादन का खर्च बढ़ेगा। इसका असर ये होगा कि आम आदमी पर सीधी मार पड़ेगी। पहले ही सैकड़ों फैक्ट्रियां बंद हो चुकी हैं। **-भीम राणा, अध्यक्ष हरियाणा एनवायरमेंट मैनेजमेंट सोसायटी**





रोहतक। प्रतिमा के अनावरण पर मौजूद पुलिस व अन्य।

# विरोध के बीच आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण सात हिरासत में लिए

***प्रतिमा खंडित होने के कारण हुआ था विवाद, गांव में तनाव***

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

रोहतक के कलानौर ब्लॉक के गांव खैरड़ी में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को लेकर विवाद शुक्रवार को फिर भड़क गया। पंचायत ने पुलिस बल की मौजूदगी में नई प्रतिमा का अनावरण किया, जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया। स्थिति तनावपूर्ण होने पर पुलिस ने 7 लोगों को एहतियातन हिरासत में ले लिया।दरअसल, 8 अप्रैल की रात अज्ञात लोगों ने गांव के सद्भावना स्थल पर लगी अंबेडकर प्रतिमा को खंडित कर दिया था। इसके बाद ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरना शुरू कर दिया। उनका कहना था कि जब तक दोषियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता, तब तक नई प्रतिमा का अनावरण नहीं किया जाए।इसके बावजूद शुक्रवार को पंचायत ने प्रशासन के साथ मिलकर प्रतिमा का अनावरण कर दिया। इससे ग्रामीणों में रोष फैल गया और मौके पर हंगामे जैसी स्थिति बन गई। पुलिस का कहना है कि गांव में शांति बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं। फिलहाल हालात नियंत्रण में हैं, लेकिन एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात है और प्रशासन पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है।

### पुलिस बल रहा तैनात

कलानौर थाना प्रभारी सतपाल ने बताया कि पंचायत द्वारा प्रतिमा का अनावरण कराया गया है। कुछ लोगों ने विरोध किया, जिन्हें एहतियातन हिरासत में लिया गया है। गांव में शांति बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं, गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

**स्टूडेंट गाइड** | **12वीं के बाद प्रोफेशनल कोर्स के रूप में उभर रहा मनोविज्ञान**

- रिसर्च और व्यवहार समझने की बढ़ती जरूरत ने बढ़ाई डिमांड
- मानसिक स्वास्थ्य और काउंसलिंग में बढ़ रही करियर की संभावनाएं

# साइकोलॉजिस्ट : दूसरों के मन को पढ़ बनाएं अपना मजबूत भविष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

**अलग खबर**

बदलते दौर में करियर की परिभाषा तेजी से बदल रही है और अब छात्र पारंपरिक कोर्स से आगे बढ़कर ऐसे विषय चुन रहे हैं, जो न सिर्फ रोजगार दें, बल्कि समाज में सार्थक भूमिका भी निभाने का अवसर प्रदान करें। मनोविज्ञान ऐसा ही एक उभरता हुआ क्षेत्र है, जो मानव मन, भावनाओं और व्यवहार को समझने का वैज्ञानिक आधार देता है। 12वीं के बाद यह कोर्स छात्रों के लिए एक प्रोफेशनल और बहुआयामी करियर विकल्प बनकर सामने आया है। बढ़ते मानसिक तनाव, लाइफस्टाइल में बदलाव और डिजिटल दुनिया के प्रभाव ने इस क्षेत्र की जरूरत को और अधिक बढ़ा दिया है। अब शैक्षणिक संस्थान भी साइकोलॉजी में डिग्री के साथ रिसर्च, काउंसलिंग और इंडस्ट्री से जुड़े अवसर उपलब्ध करा रहे हैं।

### रिसर्च और मानसिक स्वास्थ्य का महत्व



नेकीराम कॉलेज मनोविज्ञान विभाग के प्रो. दिनेश सिंह का कहना है कि मनोविज्ञान केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि मानव मन और व्यवहार को समझने का विज्ञान है। इसके जरिए छात्र मस्तिष्क की भाषा पढ़ना सीखते हैं। वर्तमान दौर में बढ़ते मानसिक तनाव और बीमारियों को देखते हुए साइकोलॉजी रिसर्च का महत्व बढ़ गया है। इसका मुख्य प्रयोग मानसिक रोगों को समझने, उनके उपचार और समाज के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए किया जा रहा है। चाहे वह चाइल्ड साइकोलॉजी हो या क्रिमिनल साइकोलॉजी, यह विषय समाज की हर समस्या का वैज्ञानिक समाधान निकालने में सक्षम है।

### आदर्श करियर पथ

जो छात्र समाज में सकारात्मक बदलाव लाना चाहते हैं, उनके लिए यह एक आदर्श करियर पथ है। वर्तमान में मनोविज्ञान केवल परामर्श तक सीमित नहीं है। आज के डिजिटल युग में, यह समझना बहुत जरूरी है कि मनुष्य तकनीक और सोशल मीडिया के साथ कैसे व्यवहार करता है। इससे भविष्य में स्कूल काउंसलर्स और सर्टिफाइड करियर कोचेस की मांग में भारी बढ़ोतरी होने वाली है।

### डिजिटल दौर में मनोविज्ञान की भूमिका और अहम

**ये कोर्स कर सकते हैं**
- क्लीनिकल और स्वास्थ्य मनोविज्ञान
- शैक्षिक और व्यावसायिक काउंसलिंग
- न्यूरो और फॉरेंसिक साइकोलॉजी
- खेल, व्यायाम और औद्योगिक मनोविज्ञान

**इन कोर्सेज को पूरा करने के बाद छात्र साइकोलॉजिस्ट, काउंसलर, मानव संसाधन प्रबंधक और प्रोफेसर जैसे प्रतिष्ठित पदों पर कार्य कर सकते हैं।**

**इन कॉलेजों में दाखिले के अवसर**

| कॉलेज | सीट | फीस |
|---|---|---|
| जाट कॉलेज | 60 | 18400 |
| राजकीय महिला महाविद्यालय | 60 | 5564 |
| नेकीराम कॉलेज | 40 | 5984 |

## कलानौर और सांपला में दो भीषण सड़क हादसे

### कार और बाइक की टक्कर में युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**रोहतक।** कलानौर क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, दो युवक बाइक पर जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दूसरा युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने तुरंत घायल को संभालकर रोहतक के पीजीआई ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है और हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- कलानौर क्षेत्र में हादसा, युवक पीजीआई ट्रॉमा सेंटर में भर्ती हालत नाजुक

#### सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

आरोपी कार चालक की तलाश के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। साथ ही, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं, ताकि हादसे के सही कारणों का पता लगाया जा सके। एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही उजागर कर दिया है।

### तेज रफ्तार कार का कहर बाइक सवार युवक को रौंदा

**सांपला।** सांपला क्षेत्र के गिझी फ्लाईओवर पर देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सन्नी पुत्र कृष्ण कुमार निवासी गांव महराणा, जिला झज्जर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सन्नी खरखौदा औद्योगिक क्षेत्र से काम खत्म कर अपने साथियों के साथ घर लौट रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सन्नी सबसे आगे बाइक चला रहा था, तभी पीछे से तेज रफ्तार सफेद कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह फ्लाईओवर की रेलिंग से जा टकराया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।घटना के बाद कार चालक वाहन सहित फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रोहतक पीजीआईएमएस भेज दिया। पुलिस आरोपी की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

- सांपला के गिझी फ्लाईओवर पर दर्दनाक हादसा

#### महराणा में शोक की लहर

दुर्घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया और गांव महराणा में शोक का माहौल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्थानीय लोगों ने तेज रफ्तार वाहनों पर सख्ती की मांग की है।

जाम का जंजाल

# सुभाष चौक पर 'ट्रैफिक ट्रैप' यहां थमती है शहर की रफ्तार

## पार्किंग का अभाव और अतिक्रमण बना सबसे बड़ा सिरदर्द

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सुभाष चौक इन दिनों ट्रैफिक अव्यवस्था का सबसे बड़ा उदाहरण बन चुका है। शहर के इस व्यस्ततम चौराहे पर सुबह से लेकर देर शाम तक जाम की स्थिति बनी रहती है। हालात ऐसे हैं कि पांच मिनट का सफर तय करने में लोगों को आधा-आधा घंटा लग जाता है। हर रोज हजारों वाहन इस चौक से गुजरते हैं, लेकिन सुविधाओं की कमी के कारण यह जगह अब लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। सुभाष चौक शहर के कई प्रमुख मार्गों को जोड़ता है। एक तरफ का रास्ता कोर्ट परिसर की ओर जाता है, जहां रोजाना वकीलों, कर्मचारियों और आम लोगों की भारी भीड़ रहती है। दूसरी तरफ सोनीपत स्टैंड की दिशा में जाने वाला मार्ग है, जहां से बसों और अन्य वाहनों की लगातार आवाजाही बनी रहती है। इसके अलावा इसी चौक के आसपास आयकर विभाग का कार्यालय, मानसरोवर पार्क और एसपी का सरकारी आवास भी स्थित हैं। इतने महत्वपूर्ण स्थानों के बीच स्थित होने के बावजूद यहां पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है। यही वजह है कि लोग अपने वाहन सड़क किनारे खड़े करने को मजबूर हैं। सड़क पर खड़े वाहन ट्रैफिक के लिए सबसे बड़ी बाधा बनते हैं और जाम की स्थिति पैदा करते हैं।



### जाम के प्रमुख कारण

सुभाष चौक की एक और बड़ी समस्या अतिक्रमण है। चौक के आसपास रेहड़ी-फड़ी और दुकानदारों का कब्जा बढ़ता जा रहा है। कई जगहों पर फुटपाथ पूरी तरह गायब हो चुके हैं, जिससे पैदल चलने वाले लोगों को सड़क पर उतरना पड़ता है। इससे ट्रैफिक और अधिक प्रभावित होता है और दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ जाता है। लोगों का कहना है कि यह समस्या कई वर्षों से बनी हुई है, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले लोग जाम के कारण अपने समय का नुकसान झेल रहे हैं।

### किसे हो रही सबसे ज्यादा परेशानी

जाम का असर केवल लोगों की आवाजाही तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा असर व्यापार पर भी पड़ रहा है। दुकानदारों का कहना है कि ग्राहक जाम के कारण इस क्षेत्र में आने से बचते हैं, जिससे उनकी बिक्री प्रभावित हो रही है। वहीं कर्मचारी और छात्र रोजाना देर से अपने गंतव्य तक पहुंचते हैं।सबसे गंभीर स्थिति तब बनती है जब एंबुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाएं भी जाम में फंस जाती हैं। ऐसे में मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता, जो बड़ी चिंता का विषय है। ट्रैफिक पुलिस की तैनाती के बावजूद हालात में सुधार नहीं हो पा रहा है। पीक टाइम में जाम इतना बढ़ जाता है कि पुलिसकर्मियों के लिए भी इसे नियंत्रित करना मुश्किल हो जाता है।

### पार्किंग बने, जाम हटे, सुभाष चौक को फिर राहत मिले

अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर समस्या को कब तक प्राथमिकता देता है। अगर समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले समय में स्थिति और भी खराब हो सकती है। फिलहाल, सुभाष चौक पर हर दिन जाम से जूझते लोग एक ही उम्मीद लगाए बैठे हैं कभी तो इस जाम से मुक्ति मिलेगी।

### समाधान क्या हो सकता है

लोगों का कहना कि जब तक सुभाष चौक के आसपास पार्किंग की उचित व्यवस्था नहीं होगी, तब तक इस समस्या का समाधान संभव नहीं है। साथ ही अतिक्रमण हटाने के लिए भी कड़े कदम उठाने होंगे।

# बुद्ध पूर्णिमा पर भाजपा कार्यालय में विचार गोष्ठी भगवान बुद्ध के आदर्शों को अपनाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भाजपा कार्यालय मंगल कमल में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें समाज में शांति, समरसता और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका ने की।

रणवीर सिंह ढाका ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान बुद्ध का जीवन आज भी मानव समाज के लिए प्रेरणा का सबसे सशक्त स्रोत है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती असहिष्णुता और तनाव के बीच बुद्ध के विचार अहिंसा, करुणा और मध्यम मार्ग समाज को सही दिशा दिखाते हैं। मुख्य वक्ता डॉ. अशोक कुमार रंगा ने बुद्ध के धम्म को व्यावहारिक जीवन-दर्शन बताते हुए कहा कि यह व्यक्ति को नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी का बोध कराता है।

उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुस्तक "बुद्ध और उनका धम्म" का उल्लेख करते हुए समानता और न्याय पर जोर दिया। विशेष वक्ता शमशेर खरक ने बुद्ध पूर्णिमा को आत्ममंथन का पर्व बताते हुए समाज में भाईचारे को बढ़ाने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने बुद्ध के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका। फोटो : हरिभूमि

# बुद्ध पूर्णिमा पर भंडारा व स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

- संकीर्तन, भक्त मेला और निशुल्क जांच से श्रद्धालुओं को मिला लाभ

गांव डोभ स्थित श्रीबालाजी धाम में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भव्य भंडारे, संकीर्तन, भक्त मेला और निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हवन-यज्ञ और हनुमान चालीसा पाठ से हुई। संस्थान के संस्थापक प्रधान पुरूषोत्तम दास बंसल ने बताया कि प्रत्येक पूर्णिमा पर दोपहर 12 बजे से 3:30 बजे तक इस तरह के धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर भजन गायक हरीश तागरा, प्रिया सैनी और मिट्ठी ने भजनों से माहौल भक्तिमय बना दिया, वहीं रिंकू महादेव द्वारा सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गईं। स्वास्थ्य शिविर में आंख, दांत, कान-नाक-गला जांच के साथ एक्यूप्रेशर और दवाइयां निःशुल्क दी गईं। श्रद्धालुओं को चश्मे वितरित किए गए।



रोहतक। गांव डोभ स्थित श्रीबालाजी धाम में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर कार्यक्रम में प्रस्तुत की झांकियां।

## लंबित शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करें अधिकारीः डीसी

रोहतक। डीसी सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि समाधान शिविरों में प्राप्त पुरानी लंबित शिकायतों का तुरंत और प्रभावी निपटारा किया जाए। उन्होंने कहा कि केवल फाइल बंद करना समाधान नहीं, बल्कि नागरिक की संतुष्टि ही असली पैमाना है। शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ की वर्चुअल समीक्षा के बाद अधिकारियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि शिकायतों के स्थायी समाधान के लिए संबंधित नागरिकों से सीधा संवाद किया जाए। उन्हें विभागीय कार्रवाई की पूरी जानकारी देकर विश्वास में लिया जाए, ताकि समस्या का वास्तविक समाधान सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन नागरिकों की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है।

## डॉ. एएस मान डीन एकेडमिक अफेयर्स का कार्यभार संभाला

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में प्रशासनिक स्तर पर अहम बदलाव करते हुए कुलपति प्रो. मिलाप पूनियाँ ने विभिन्न विभागों के शिक्षकों को नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। भौतिकी विभाग के प्रोफेसर डॉ. ए. एस. मान को डीन, एकेडमिक अफेयर्स का कार्यभार सौंपा गया। कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में प्रो. मान ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर कुलसचिव ने उन्हें शुभकामनाएं दीं, वहीं प्रो. मान ने शिक्षकों से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रगति के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

# अनुशासन-मेहनत से ही लक्ष्य हासिल होगाः डीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

- सुपर 40 के प्रथम बैच के विद्यार्थियों से संवाद किया

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थी यदि अनुशासन में रहकर नियमित और कठिन परिश्रम करें, तो कोई भी लक्ष्य उनके लिए दूर नहीं रहता। वे शुक्रवार को जिला प्रशासन की नई पहल सुपर 40 के तहत शुरू किए गए प्रथम बैच के विद्यार्थियों से संवाद कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने आगामी नीट परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें सफलता के मंत्र भी दिए। हिसार रोड स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित इस संवाद कार्यक्रम में डीसी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी किसी भी मायने में पीछे नहीं हैं और वे शिक्षा, खेल सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नीट परीक्षा की तैयारी के लिए विशेष टिप्स देते हुए कहा कि एनसीईआरटी पाठ्यक्रम पर मजबूत पकड़ सफलता की कुंजी है। साथ ही उन्होंने अनुशासन और निरंतर अभ्यास को जीवन का आधार बताते हुए कहा कि यही आदतें आगे चलकर बड़ी उपलब्धियों का रास्ता खोलती हैं।



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते उपायुक्त सचिन गुप्ता।

### शिक्षकों से भी आह्वान

डीसी ने शिक्षकों से भी आह्वान किया कि वे आगामी सत्र के लिए 11वीं और 12वीं कक्षाओं का सुनियोजित शेड्यूल तैयार करें और विद्यार्थियों के कॉन्सेप्ट पूरी तरह स्पष्ट करवाएं। उन्होंने कहा कि मजबूत नींव ही ऊंची इमारत खड़ी करती है, और शिक्षा भी इसी सिद्धांत पर टिकती है। अभिभावकों से बातचीत करते हुए डीसी ने कहा कि यह पहल बच्चों को बेहतर अवसर देने के उद्देश्य से शुरू की गई है, ताकि वे निजी कोचिंग संस्थानों के समान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकें। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों की रुचि के अनुसार उन्हें आगे बढ़ाने का आग्रह किया। सचिन गुप्ता ने बताया कि सुपर 100 कार्यक्रम से प्रेरित होकर सुपर 40 की शुरुआत की गई है, ताकि वे छात्र भी लाभान्वित हो सकें।

# जनगणना में सही जानकारी से ही बनेगी विकास की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना कार्य के दौरान घर-घर पहुंच रहे प्रगणकों को सही और पूरी जानकारी देकर सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़े किसी फाइल की धूल नहीं, बल्कि भविष्य की योजनाओं का ब्लूप्रिंट होते हैं, जिनसे विकास की दिशा तय होती है। उन्होंने बताया कि जिले में 1 मई से डिजिटल जनगणना के तहत घर-घर सर्वे का कार्य शुरू हो गया है। पहले चरण में मकान सूचीकरण किया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक प्रगणक को लगभग 150 घरों का सर्वे सौंपा गया है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे बिना किसी झिझक के आवश्यक जानकारी साझा करें, ताकि सटीक और विश्वसनीय आंकड़े एकत्रित हो सकें।

### घर-घर अभियान शुरू

डीसी ने बताया कि प्रथम चरण में घरों से संबंधित बुनियादी जानकारी जैसे मकान का प्रकार (कच्चा या पक्का), कमरों की संख्या और परिवार के सदस्यों की संख्या दर्ज की जा रही है। इसके बाद दूसरे चरण में नागरिकों से विस्तृत जानकारी ली जाएगी। जनगणना से जुड़ी किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। सरकार द्वारा एकत्रित किए जाने वाले सभी आंकड़े पूरी तरह गोपनीय रखे जाते हैं।

# प्राचीन पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण में आगे आएं धार्मिक संगठनः एडीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेंद्र कुमार ने धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे प्राचीन पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण की सरकारी प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाएं। यह अभियान दस्तावेजों का संग्रह नहीं, बल्कि सदियों पुराने ज्ञान को समय की धूल से निकालकर डिजिटल रोशनी में सुरक्षित करने का प्रयास है। लघु सचिवालय में ज्ञान भारतम मिशन के तहत आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने बताया कि प्रदेशभर में अब तक 23 हजार से अधिक पांडुलिपियों की जानकारी एकत्रित की जा चुकी है, जबकि रोहतक में 170 पांडुलिपियों का रिकॉर्ड सामने आया है।



रोहतक। धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों से बातचीत करते अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेंद्र कुमार। फोटो : हरिभूमि

### अभिलेख विभाग में संपर्क करें

नरेंद्र कुमार ने कहा कि जिन धार्मिक संस्थानों, मठों या निजी संग्रहों के पास प्राचीन पांडुलिपियां उपलब्ध हैं, वे उन्हें डिजिटल रूप में संरक्षित कराने के लिए आगे आएं। अभिलेख विभाग के स्थानीय लघु सचिवालय स्थित कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है। आम नागरिक भी 'ज्ञान भारतम ऐप' के माध्यम से अपने पास उपलब्ध पांडुलिपियों, ऐतिहासिक दस्तावेजों, मानचित्रों और पुरानी तस्वीरों की जानकारी अपलोड कर सकते हैं।

### डिजिटल इन्वेंट्री मैप तैयार होगा

एडीसी ने बताया कि जिन क्षेत्रों में प्राचीन मंदिर, मठ और निजी संग्रह अधिक हैं, वहां भौतिक सत्यापन और जियो-टैगिंग का कार्य भी किया जा रहा है। प्रदेश की पांडुलिपियों का एक डिजिटल इन्वेंट्री मैप तैयार होगा। नई शिक्षा नीति के तहत युवाओं को इस अभियान से जोड़ने के लिए इंटर्नशिप के अवसर भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बैठक में कई विभागों के अधिकारी, शिक्षाविद व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# समाधान समारोह के तहत अगस्त में लगेगी विशेष लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन बोले 31 मई तक करें आवेदन



चेयरमैन अजय तेवतिया

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन अजय तेवतिया ने शुक्रवार को बताया कि न्याय प्रक्रिया को सरल, सुलभ और त्वरित बनाने के उद्देश्य से 'समाधान समारोह 2026' के तहत 21, 22 और 23 अगस्त को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

इस दौरान लंबित मामलों का आपसी सहमति से स्थायी निपटारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह पहल सर्वोच्च न्यायालय द्वारा शुरू की गई है, जो देशभर में वैकल्पिक विवाद समाधान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अभियान के तहत पक्षकारों को अदालतों के लंबे इंतजार से राहत दिलाने के लिए समझौते के माध्यम से समाधान का अवसर दिया जाएगा।

### ऑनलाइन या व्यक्तिगत कर सकते हैं आवेदन

तेवतिया ने कहा कि अधिवक्ता, वादी और अन्य संबंधित पक्ष इस पहल में सक्रिय भागीदारी करें। इच्छुक पक्षकार अपने मामलों के समाधान के लिए ऑनलाइन या व्यक्तिगत रूप से आवेदन कर सकते हैं। विशेष लोक अदालत में शामिल होने को इच्छुक 31 मई 2026 तक निर्धारित गूगल लिंक से आवेदन कर सकते हैं। यह फॉर्म सर्वोच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। यह पहल न्याय को जन-जन तक पहुंचाने और विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान की दिशा में प्रभावी मंच साबित होगी।

# बार में अंजली का स्वागत, महिला वर्ग में सबसे ज्यादा वोट पाने पर सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

- अधिवक्ताओं ने फूलमालाएं और बुके भेंट कर सम्मानित किया

जिला बार एसोसिएशन में नवनिर्वाचित बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा की सदस्य अधिवक्ता अंजली सहरावत का स्वागत किया गया। अधिवक्ताओं ने उन्हें फूलमालाएं और बुके भेंट कर सम्मानित किया। अंजली सहरावत ने महिला वर्ग में सर्वाधिक मत प्राप्त कर यह उपलब्धि हासिल की, जिससे पूरे बार में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस मौके पर अंजली सहरावत ने बार परिसर पहुंचकर वरिष्ठ अधिवक्ताओं से आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के उपप्रधान अजय ओल्यान, ज्वाइंट सेक्रेटरी डिंपल और लाइब्रेरी इंचार्ज अनिल कुमार ने उन्हें बुके देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान भगत सिंह मलिक, बलवान सिंह हुड्डा, सीमा हुड्डा सहित कई वरिष्ठ अधिवक्ता मौजूद रहे। मंच संचालन विनोद अहलावत ने किया, जबकि गोविन्द बलहारा और उनके साथियों ने अंजली सहरावत को 11 हजार रुपये का शगुन भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर महिला अधिवक्ताओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अंजली सहरावत की ऐतिहासिक जीत पर खुशी जाहिर की।



रोहतक। नवनिर्वाचित बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा की सदस्य अधिवक्ता अंजली सहरावत का स्वागत करते जिला बार एसोसिएशन के सदस्य।

**सख्ती** उपायुक्त ने पुरानी आईडीसी में आयोजित प्रॉपर्टी आईडी सुधार शिविर का भी निरीक्षण किया

# पुरानी आईडीसी में 10 करोड़ रुपये से सुदृढ़ होंगी जनस्वास्थ्य सेवाएं, मई अंत तक पूरा होगा काम

पुरानी स्टॉर्म वाटर और पेयजल लाइनों को बदलने का कार्य भी शुरू किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

- सीवर कनेक्शन और मैनहोल के ढक्कन लगाने के सख्त निर्देश दिए

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि हिसार रोड स्थित पुरानी आईडीसी क्षेत्र में एचएसआईआईडीसी द्वारा 10 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से जनस्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। शुक्रवार को उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि डिस्पोजल और सीवर लाइन से जुड़े सभी निर्माण कार्य मई माह के अंत तक हर हाल में पूरे किए जाएं, ताकि बारिश से पहले व्यवस्था दुरुस्त हो सके। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने निर्माणाधीन डिस्पोजल और सीवर लाइन के कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। साथ ही औद्योगिक इकाइयों के सीवर कनेक्शन और मैनहोल के ढक्कन लगाने के निर्देश भी दिए, ताकि बरसात के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना के तहत पुरानी सीवर लाइन को बदला जा रहा है और नए डिस्पोजल का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा स्टॉर्म वाटर और पेयजल लाइनों को भी डाला जा रहा है।



रोहतक। निर्माणाधीन डिस्पोजल और सीवर लाइन के कार्यों का जायजा लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

### सड़कों के निर्माण के टेंडर जारी किए जाएंगे

उपायुक्त ने कहा कि वर्षा ऋतु के बाद पुरानी स्टॉर्म वाटर और पेयजल लाइनों को बदलने का कार्य भी शुरू किया जाएगा। सभी कार्य पूर्ण होने के बाद ही सड़कों के निर्माण के टेंडर जारी किए जाएंगे, जिससे औद्योगिक क्षेत्र की आधारभूत सुविधाएं और बेहतर होंगी। इसके साथ ही उपायुक्त ने नगर निगम द्वारा पुरानी आईडीसी में आयोजित प्रॉपर्टी आईडी सुधार शिविर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि औद्योगिक इकाइयों की प्रॉपर्टी आईडी में आ रही त्रुटियों को प्राथमिकता के आधार पर ठीक किया जाए, ताकि उद्यमियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और निगम की राजस्व वसूली भी बढ़ सके। नगर निगम के संयुक्त आयुक्त मनजीत कुमार ने आश्वस्त किया कि सभी लंबित प्रॉपर्टी आईडी जल्द दुरुस्त कर दी जाएंगी। इस मौके पर एचएसआईआईडीसी और नगर निगम के अधिकारी सहित औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।



रोहतक। कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल और निदेशक डॉ. एसके सिंघल को सम्मानित करते समाजसेवी हिमांशु ग्रोवर। फोटो : हरिभूमि

### अंगदान से 19 जिंदगियां बचीं, हरियाणा बना मिसाल

**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय और पीजीआईएमएस की टीम ने अंगदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर नई मिसाल कायम की है। एक महीने के भीतर 3 ब्रेन डेड मरीजों के अंगदान से 19 गंभीर मरीजों को नया जीवन मिला, वहीं हेलीकॉप्टर के जरिए किडनी पहुंचाकर एक सेना के जवान की जान बचाई गई। इस उपलब्धि पर समाजसेवी हिमांशु ग्रोवर ने कुलपति डॉ. एच.के. अग्रवाल और निदेशक डॉ. एस.के. सिंघल का आभार जताया। उन्होंने अंगदान करने वाले परिवारों को सलाम करते हुए कहा कि उनका यह त्याग समाज हमेशा याद रखेगा। कुलपति डॉ. अग्रवाल ने कहा कि यह सफलता डॉक्टरों की नहीं, बल्कि उन परिवारों की है जिन्होंने दुख की घड़ी में भी अंगदान का साहसिक निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि सरकार के मार्गदर्शन में दोबारा शुरू हुई इस मुहिम से लगातार सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। निदेशक डॉ. सिंघल ने कहा कि अंगदान जीवन देने का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने लोगों से नेत्रदान और देहदान के लिए भी आगे आने की अपील की।

## खबर संक्षेप



### एमडीयू कुलसचिव ने जरूरतमंद कर्मचारियों के बच्चों को दिए स्कूल बैग

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के फैकल्टी हाउस में कुलसचिव प्रो संदीप बंसल द्वारा एचकेआरएन के तहत कार्यरत माली, सफाई और सुरक्षा कर्मचारियों के जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए गए। एमडीयू गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ ने इस कार्यक्रम का समन्वयन किया। कुलसचिव डॉ. संदीप बंसल ने कर्मचारियों से ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी भी कर्मचारी की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। संघ के प्रधान सुरेश कौशिक ने बताया कि यह बैग वितरण एक महिला प्रोफेसर द्वारा गुप्त दान के रूप से जरूरतमंद परिवारों की सहायता के उद्देश्य से कराया गया है। उन्होंने कहा कि मैडम द्वारा इस प्रकार की सामाजिक पहल समय-समय पर जारी रहती है, जिससे जरूरतमंदों को सहयोग मिलता है। इस अवसर पर डॉ. विजय पाल (महासचिव), डॉ. राजेश (कोषाध्यक्ष), पूर्व प्रधान फूल कुमार सहित भूदत्त, दिनेश, धर्मेंद्र, सतेंद्र और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जर्जर सड़कों से राहत, जलभराव और सुरक्षा समस्याओं के समाधान का दावा

# मॉडल टाउन में सड़कों का नवीनीकरण शुरू, 76.33 रुपये लाख से बदलेगी सूरत

धार्मिक विधि-विधान के साथ मंत्रोच्चारण और नारियल फोड़कर की कार्य की शुरुआत



**रोहतक।** मॉडल टाउन की सड़कों का नारियल फोड़कर शुभारंभ करते निगम पार्षद कंचन खुराना व अन्य समाजसेवी। *फोटो : हरिभूमि*

- सभी मार्गों पर उच्च गुणवत्ता की सामग्री का प्रयोग सुनिश्चित किया जाएगा ताकि सड़कें लंबे समय तक टिकाऊ रहें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम वार्ड नंबर 14 के अंतर्गत मॉडल टाउन क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही सड़क समस्याओं को दूर करने के लिए बहुप्रतीक्षित निर्माण कार्यों का शुभारंभ कर दिया गया। धार्मिक विधि-विधान के साथ मंत्रोच्चारण और नारियल फोड़कर इस कार्य की शुरुआत की गई, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। इस मौके पर निगम पार्षद कंचन खुराना सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में जयकारों के बीच कार्य का शुभारंभ हुआ, जिससे क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

पार्षद कंचन खुराना ने बताया कि मॉडल टाउन की कई सड़कों की स्थिति काफी खराब हो चुकी थी। जगह-जगह गड्ढे और टूट-फूट के कारण लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय निवासियों की लगातार मांग और क्षेत्र की आवश्यकता को देखते हुए 76 लाख 33 हजार रुपये की लागत से सड़कों के नवनिर्माण का कार्य शुरू किया गया है। इस परियोजना के तहत बालाजी स्वीट्स वाली गली से कैलाश आश्रम तक की सड़क, लक्की पार्क से गुरुद्वारा और गुफा वाले मंदिर तक का मार्ग, तथा बारात घर वाली गली को नए सिरे से बनाया जाएगा। इन सभी मार्गों पर उच्च गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा ताकि सड़कें लंबे समय तक टिकाऊ रहें। इस निर्माण में जल निकासी की समस्या को भी ध्यान में रखा गया है। बरसात के दौरान सड़कों पर जलभराव से लोगों को जो परेशानियां होती थीं, उन्हें खत्म करने के लिए बेहतर ड्रेनेज व्यवस्था विकसित की जाएगी। इसके अलावा, सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक स्थानों पर स्पीड ब्रेकर भी बनाए जाएंगे, जिससे वाहनों की गति नियंत्रित रहे और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो।

#### वार्ड में हो चुके 1.33 करोड़ रुपये के कार्य

पार्षद ने यह भी जानकारी दी कि पिछले एक वर्ष के कार्यकाल में मॉडल टाउन क्षेत्र में करीब 1 करोड़ 33 लाख रुपये के विकास कार्य पूरे किए जा चुके हैं। इनमें पावर हाउस से लाल कुआं तक की सड़क, दिगंबर जैन मंदिर वाली गली, कम्युनिटी सेंटर के आसपास की सड़कें, गोल मार्केट क्षेत्र और अन्य प्रमुख मार्ग शामिल हैं। मेडिकल मोड़ क्षेत्र में सीवर और पानी की नई पाइपलाइन भी डाली जा चुकी है, जिससे बुनियादी सुविधाओं में सुधार हुआ है। आने वाले समय में लगभग 1 करोड़ रुपये के अन्य विकास कार्य भी प्रस्तावित हैं, जो क्षेत्र के समग्र विकास को गति देंगे।

### रोहतक की कनक ने दिल्ली में साधा कनक पर निशाना, शूटिंग में जीते दो पदक



**रोहतक।** नई दिल्ली में आयोजित केएसएस शूटिंग चैंपियनशिप में हरियाणा के रोहतक जिले की उभरती हुई खिलाड़ी कनक बुधवार ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। कनक ने 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल स्पर्धा के जूनियर और यूथ वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया और स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता के दौरान कनक ने जबरदस्त एकाग्रता और कौशल का परिचय देते हुए 578 अंकों का बेहतरीन स्कोर बनाया। इस स्कोर के साथ उन्होंने न केवल फाइनल में प्रवेश किया, बल्कि यूथ महिला वर्ग में सोने का तमगा अपने नाम कर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। रोहतक के गांव सुनारिया की निवासी कनक बुधवार वर्तमान में अभिनंदन शूटिंग एकेडमी में कोच संदीप नेहरा की देखरेख में प्रशिक्षण ले रही हैं। कनक की इस सफलता के पीछे उनके पिता सुधीर बुधवार का निरंतर सहयोग और कोच के कुशल मार्गदर्शन की अहम भूमिका रही है। कोच संदीप नेहरा ने बताया कि कनक बेहद अनुशासित खिलाड़ी हैं और उनका लक्ष्य भविष्य में ओलंपिक पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाना है। कनक की इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों और एकेडमी के खिलाड़ियों में खुशी की लहर है। इस अवसर पर नरेश काला, जेपी भाली, संदीप बुधवार और अन्य मौजूद रहे। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने कनक के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि कनक की यह जीत अन्य युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

## दो दौर में रोहतक में एसडीएम रहे जयबीर सिंह आर्य तीन दशक तक सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त

- कानून व्यवस्था, राजस्व कार्यों जन समस्याओं के समाधान में सक्रिय और संवेदनशील भूमिका निभाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक




हरियाणा कैडर के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी जयबीर सिंह आर्य (2009 बैच) तीन दशकों से अधिक की प्रशासनिक सेवा के बाद 30 अप्रैल 2026 को सेवानिवृत्त हो गए। 1997 में हरियाणा सिविल सेवा (कार्यकारी) में चयनित होकर अपने करियर की शुरुआत करने वाले आर्य ने बाद में आईएएस में पदोन्नति पाई और विभिन्न अहम पदों पर कार्य करते हुए प्रशासनिक दक्षता की मजबूत छाप छोड़ी। रोहतक से उनका विशेष जुड़ाव रहा, जहां वे दो अलग-अलग अवधियों में एसडीएम रहे। वर्ष 1999-2000 में महम में एसडीएम के रूप में उन्होंने प्रशासनिक कार्यों को जनसहभागिता से जोड़ने की पहल की।

वहीं 2010 से 2011 के दौरान रोहतक में एसडीएम रहते हुए उन्होंने कानून व्यवस्था, राजस्व कार्यों और जन समस्याओं के समाधान में सक्रिय और संवेदनशील भूमिका निभाई। स्थानीय स्तर पर उनकी कार्यशैली को आज भी एक सख्त लेकिन सहज प्रशासन के उदाहरण के रूप में याद किया जाता है। अपने कार्यकाल के दौरान आर्य ने हमेशा फील्ड में सक्रिय रहकर समस्याओं को समझने और त्वरित समाधान देने की नीति अपनाई। यही कारण रहा कि वे आमजन के बीच एक भरोसेमंद अधिकारी के रूप में पहचाने गए। बाद में आयुक्त एवं सचिव के रूप में उन्होंने वित्तीय प्रबंधन और राज्य बजट की तैयारी में महत्वपूर्ण योगदान दिया। भिवानी में उपायुक्त रहते हुए कोविड-19 प्रबंधन और स्वच्छता अभियान में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। निर्वाचन प्रबंधन में भी उनकी भूमिका सराहनीय रही, जहां उन्होंने निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने में अहम योगदान दिया। जयबीर सिंह आर्य को एक जन-केंद्रित, निर्णायक और परिणामोन्मुख प्रशासक के रूप में याद किया जाएगा, जिनकी रोहतक में एसडीएम के रूप में सेवाएं आज भी प्रशासनिक कार्यशैली की प्रेरणा बनी हुई हैं।

## सेवानिवृत्त शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज का पैतृक गांव ब्राह्मणवास में अभिनंदन

- अपने कार्यकाल के दौरान प्रिंसिपल, खंड शिक्षा अधिकारी, झज्जर में डिप्टी डीईओ और पानीपत व भिवानी में जिला शिक्षा अधिकारी जैसे उच्च पदों पर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शिक्षा जगत में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले और जिला पानीपत के जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी पद से सेवानिवृत्त हुए सुभाष भारद्वाज का उनके पैतृक गांव ब्राह्मणवास पहुँचने पर जोरदार स्वागत किया गया। हरियाणा राजकीय अध्यापक कल्याण संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामबीर ककराना के नेतृत्व में शिक्षक समाज ने उन्हें सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सन् 1968 में किसान गोपीराम शर्मा के घर जन्मे सुभाष भारद्वाज की शैक्षणिक यात्रा प्रेरणादायी रही है। गांव के सरकारी स्कूल से मिडिल और रोहतक से दसवीं करने के दौरान उन्होंने वजीफा प्राप्त किया। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा ग्रहण करने के बाद, उन्होंने 1994 में अंग्रेजी प्रवक्ता के रूप में करियर की शुरुआत की।

अपने कार्यकाल के दौरान वे प्रिंसिपल, खंड शिक्षा अधिकारी, झज्जर में डिप्टी डीईओ और पानीपत व भिवानी में जिला शिक्षा अधिकारी जैसे उच्च पदों पर रहे। ककराना ने बताया कि भारद्वाज एक योग्य अधिकारी रहे, जिन्होंने शिक्षा विभाग में कई सकारात्मक सुधार किए। विशेष बात यह है कि उच्च पदों पर रहने के बावजूद वे आज भी अपने गांव की मिट्टी से जुड़े हैं। उनके पुत्र हरियाणा में असिस्टेंट प्रोफेसर और पुत्री मेडिकल ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं।



**महम।** नगर पालिका कार्यालय के गेट पर धरना देते नगर पालिका कर्मचारी।

## महम में नगर पलिका कर्मियों की दो दिवसीय हड़ताल शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

मांगों को लेकर नगर पालिका महम के कर्मचारियों ने दो दिवसीय हड़ताल करने का फैसला लिया है। शुक्रवार को हड़ताल का पहला दिन था। पहले दिन कर्मचारियों ने अपने मांगें मनवाने के लितए सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। नगर पालिकाकर्मी फायर कर्मियों के समर्थन में हड़ताल कर रहे हैं। हड़ताली कर्मचारियों ने कहा कि फरीदाबाद में हुई फायर कर्मियों की मौत के बाद सरकार ने न तो उनको शहीद का दर्जा दिया और न ही पीड़ित परिवार से एक एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी की घोषणा की। जब तक उनकी ये मांगें पूरी नहीं हो जाती, तब तक वे इसी प्रकार धरने प्रदर्शन करते रहेंगे। हड़ताल का नेतृत्व स्थाई इकाई के प्रधान संजय कागड़ा ने किया। हड़ताल को सर्व कर्मचारी संघ, महम ब्लॉक का भी समर्थन मिला।

ब्लॉक प्रधान राजेंद्र सिंह डाबला ने सरकार की नीतियों को कर्मचारी विरोधी बताते हुए उनका विरोध किया। धरना स्थल पर रिटायर्ड कर्मचारी प्रधान राय सिंह नेहरा, धर्मराज घणघस, वरिष्ठ उप प्रधान जगदीश फौजी, उप प्रधान प्रदीप बेरवाल सहित अन्य नेताओं ने भी अपने विचार रखे और कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया।

## हल्ला बोलः पक्का करने और पुरानी पेंशन बहाली की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला

नगर पालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने और पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग उठाते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। धरने की अध्यक्षता कर्मचारी प्रधान जीतेन्द्र ने की, जबकि बड़ी संख्या में कर्मचारी एकजुट होकर प्रदर्शन में शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने कहा कि वे वर्षों से नगरपालिकाओं में सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन आज तक उन्हें स्थायी नहीं किया गया। इससे उनका भविष्य अनिश्चित बना हुआ है। वक्ताओं ने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण कच्चे कर्मचारियों को आर्थिक और सामाजिक असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है।

**मांगें पूरी नहीं हुई तो आंदोलन को किया जाएगा और उग्र**

धरने में मौजूद कर्मचारियों ने एकजुटता दिखाते हुए साफ कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। अंत में कर्मचारियों ने सरकार को चेतावनी दी कि अगर जल्द ही निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

#### पुरानी पेंशन योजना बंद करने पर जताई नाराजगी, कहा- खत्म हुई आर्थिक सुरक्षा

कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन योजना को बंद करने पर भी नाराजगी जताई। उनका कहना है कि नई पेंशन व्यवस्था से सेवानिवृत्ति के बाद आर्थिक सुरक्षा खत्म हो गई है, जबकि पुरानी पेंशन योजना कर्मचारियों के भविष्य के लिए जरूरी थी। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार ने कई बार उनकी मांगों को लेकर आश्वासन दिया, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ऐसे में मजबूर होकर कर्मचारियों को सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करना पड़ रहा है।

**बिगड़े समीकरण** — दाम बढ़ते ही मांग ठप, प्रशासन पर बढ़ा स्टॉक का बोझ लक्षित वर्ग तक नहीं पहुंची योजना

# 'छोटू' के भाव बढ़े, 5 किलो एलपीजी के 1800 सिलेंडरों को नहीं मिल रहे खरीदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

आमजन के लिए सस्ता और सुविधाजनक विकल्प बताकर उतारा गया 5 किलो एलपीजी 'छोटू' सिलेंडर अब प्रशासन के लिए सिरदर्द बन गया है। शहर में करीब 1800 सिलेंडर बिना खरीदार के पड़े हैं। और हालिया कीमत वृद्धि ने मांग को और ठंडा कर दिया है। जिन सिलेंडरों से तेज खपत की उम्मीद थी, वे अब गोदामों में अटके पड़े हैं। अधिकारियों का मानना है कि प्रति किलो बढ़ी लागत के चलते उपभोक्ता फिर बड़े सिलेंडर या अन्य ईंधन विकल्पों की ओर लौट रहे हैं। बाजार के समीकरण भी छोटे सिलेंडर के खिलाफ जाते दिख रहे हैं।

#### प्रशासन के पास स्पष्ट जवाब नहीं

बड़े सिलेंडर पर तुलनात्मक किफायत, नियमित उपलब्धता और सब्सिडी जैसे कारक उपभोक्ताओं को उसी दिशा में खींच रहे हैं, जबकि छोटे सिलेंडर के वितरण और रिफिल में असमानता लोगों को हतोत्साहित कर रही है। सबसे बड़ी विफलता योजना के लक्षित क्रियान्वयन में नजर आती है। छोटे सिलेंडर को रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं, छोटे दुकानदारों और अस्थायी उपयोग के लिए उपलब्ध कराया जाना था, लेकिन जमीन पर यह वर्ग आज भी घरेलू सिलेंडर का इस्तेमाल कर रहा है। सवाल यह भी है कि इन तक घरेलू गैस पहुंच कैसे रही है, जिस पर प्रशासन के पास स्पष्ट जवाब नहीं है।

#### निगरानी की कमी के चलते जारी है घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग

निगरानी की कमी के चलते घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग जारी है, जो सुरक्षा और राजस्व दोनों के लिहाज से चिंता का विषय है। अफसरों का यह तर्क कि रेहड़ी वाले घरेलू कनेक्शन लिए हुए होंगे, समस्या की जड़ को नजरअंदाज करता है। अब प्रशासन के सामने दोहरी चुनौती है। एक तरफ फंसे स्टॉक की खपत और दूसरी ओर योजना में भरोसा बहाल करना। जब तक कीमत, उपलब्धता और सख्त निगरानी का संतुलन नहीं बनेगा, 'छोटू' सिलेंडर की यह योजना कागजों तक ही सिमटी नजर आएगी।

## न्यूज डायरी




### जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल में श्रम दिवस पर किया सहायक स्टाफ का सम्मान

**रोहतक।** अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल में हर्षोल्लास के साथ विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के सहायक स्टाफ माली, सफाई कर्मचारी, ड्राइवर सहित अन्य कर्मियों को उनके समर्पण और मेहनत के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई, जिसके बाद छात्रों ने श्रम के महत्व पर भाषण, कविताएं और लघु नाटिकाएं प्रस्तुत कीं। बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी को श्रम के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का संदेश दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सहायक स्टाफ के लिए आयोजित खेल गतिविधियां रहीं, जिनमें सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और आनंद लिया। विद्यालय की ओर से कर्मियों को उपहार और प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए। वहीं, छात्रों ने अपने हाथों से बनाए कार्ड देकर उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर निदेशक विक्रांत मायना, सान्या मायना, सहायक निदेशक हिमांशु गुप्ता, उप-प्रधानाचार्य डॉ. अमन अग्रवाल और हेडमिस्ट्रेस अनामिका बलहारा उपस्थित रहे। उन्होंने स्टाफ के योगदान की सराहना की।



### एलपीएस बोसार्ड में इनकम टैक्स अफसरों ने लिया औद्योगिक कार्यप्रणाली का लिया ज्ञान

**रोहतक।** खरावड़ स्थित एलपीएस बोसार्ड में इनकम टैक्स विभाग दिल्ली से आए करीब 170 अधिकारियों ने दो दिवसीय औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कार्यक्रम नए व पदोन्नत अधिकारियों के ओरिएंटेशन और प्रशिक्षण के तहत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य उन्हें औद्योगिक कार्यप्रणाली और आधुनिक उत्पादन व्यवस्था की व्यावहारिक जानकारी देना था। कार्यक्रम के दौरान एलपीएस बोसार्ड के प्रबंध निदेशक राजेश जैन ने अधिकारियों का स्वागत करते हुए संस्थान की कार्यशैली, गुणवत्ता मानकों और तकनीकी क्षमताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसे भ्रमण से अधिकारियों को वास्तविक कार्यस्थल का अनुभव मिलता है, जो उनके प्रशासनिक दृष्टिकोण को मजबूत करता है। अधिकारियों ने एसएस बाग सहित एलपीएस बोसार्ड और यूपीएस के प्लांट्स का दौरा कर उत्पादन प्रक्रिया और गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली को नजदीक से समझा। उन्होंने आधुनिक तकनीकों और सुव्यवस्थित प्रबंधन की सराहना की। कार्यक्रम में पहले दिन 65 और दूसरे दिन 105 अधिकारियों ने भाग लिया। अंत में संवाद सत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।




### स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि के जन्मदिवस पर लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**रोहतक।** गांधीनगर में स्वामी अमृतानंद सेवा समिति एवं तपनिधि निधि स्वामी विश्वेश्वरानंद गुरुकुलम ट्रस्ट के तत्वावधान में महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि महाराज के जन्मदिवस के पावन अवसर पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 303 लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई और विभिन्न बीमारियों की जांच व उपचार का लाभ उठाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों प्रसिद्ध समाजसेवी राजेश जैन (एमडी एलपीएस बोसार्ड), पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल व समाजसेवी ईश्वर भारती ने दीप प्रज्वलित कर किया तथा स्वामी जी को जन्मदिवस की बधाई दी। इस दौरान अतिथियों ने शिविर में आए लोगों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। शिविर के संयोजक योगेश अरोड़ा ने बताया कि सभी अतिथियों का बुके व पटका पहनाकर स्वागत किया गया। कैंप एलपीएस बोसार्ड द्वारा समाज को समर्पित बसों और स्वामी अमृतानंद डिस्पेंसरी में लगाया गया। डॉ. दिनेश के निर्देशन में 226 लोगों की नेत्र जांच, 48 की ईएनटी और 29 की दंत जांच की गई। साथ ही बीपी व शुगर की जांच भी निशुल्क की गई। जरूरतमंदों को दवाइयां व चश्मे भी वितरित किए गए। अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।



### सेवानिवृत्ति पर सचिन फौजी का स्वागत

**रोहतक।** फौजी भाईचारा संगठन के संस्थापक सचिन फौजी की भारतीय सेना से सेवानिवृत्ति के अवसर पर शुक्रवार को एक भव्य एवं अविस्मरणीय अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। बहादुरगढ़ से शुरू हुई इस विशाल स्वागत यात्रा ने ऐतिहासिक रूप धारण कर लिया, जिसमें संगठन के सदस्यों, ग्रामीणों और खिलाड़ियों जनसैलाब उमड़ा। यात्रा के मार्ग में जगह-जगह फूल-मालाओं और देशभक्ति के जयघोष के साथ उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस समारोह की खास बात यह रही कि इसमें केवल हरियाणा ही नहीं, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों और विदेशों से भी लोग सचिन फौजी के प्रति अपना सम्मान प्रकट करने पहुँचे। कार्यक्रम में सतगाम प्रधान श्रीपाल, अरुण आर्य, सुमित फौजी और विभिन्न गाँवों के सरपंचों सहित अनेक गणमान्य हस्तियों ने शिरकत की। सचिन फौजी ने जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेना से सेवानिवृत्ति केवल एक पड़ाव है, उनका असली लक्ष्य अब समाज और राष्ट्र की सेवा करना है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं को सही दिशा देने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। यह आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और गौरवपूर्ण सैन्य परंपरा के प्रतीक के रूप में दर्ज हो गया है।

### शहीद भगत सिंह क्रिकेट क्लब ने मातूराम ब्लास्टर्स इलेवन को 4 विकेट से हराया



रोहतक। शहीद भगत सिंह क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए गोयल विंटर क्रिकेट कप 2026 के लीग मुकाबले में शहीद भगत सिंह क्रिकेट क्लब ने रोमांचक मुकाबले में मातूराम ब्लास्टर्स इलेवन को 4 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। मैच में टॉस जीतकर शहीद भगत सिंह क्रिकेट क्लब ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मातूराम ब्लास्टर्स इलेवन ने निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 169 रन बनाए। टीम की ओर से प्रिंस विराज सिंह ने 38 गेंदों पर नाबाद 48 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। 170 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी शहीद भगत सिंह क्रिकेट क्लब की टीम ने संयम और समझदारी के साथ बल्लेबाजी की। मुकेश दहिया ने 17 गेंदों पर 32 रन बनाए, जबकि मोनू सिवाच ने 26 गेंदों पर 31 रन का योगदान दिया। अंत में मोहित धर्म सिंह ने 11 गेंदों पर तेज 28 रन और मनीष शर्मा ने 9 गेंदों पर नाबाद 21 रन बनाकर टीम को 20 ओवरों में 173 रन तक पहुँचाया और जीत दिलाई। मातूराम ब्लास्टर्स इलेवन की ओर से गेंदबाजी में साहिल बरक ने 4 ओवर में 36 रन देकर 2 विकेट लिए।

## खबर संक्षेप

### महम में नेविक्स इलेक्ट्रिक स्कूटर फैक्टरी शुरू

**महम।** कस्बा महम में भिवानी रोड पर मित्तल कॉटन फैक्टरी के साथ नेविक्स इलेक्ट्रिक स्कूटर फैक्टरी शुरू की गई है। शुक्रवार को इस फैक्टरी का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन से पूर्व फैक्टरी में हवन यज्ञ किया गया। मंत्रोच्चारण के बीच उद्योगपति विजय मित्तल, सुनील मित्तल, बबलू मित्तल व उसके परिवार और मेहमानों ने यज्ञ में आहूति डाली। महम शहर और आस पास के गांवों से काफी संख्या में लोग फैक्टरी के मुर्हत पर पहुंचे। फैक्टरी में इलेक्ट्रिक स्कूटरों के कई मॉडल मौजूद थे। ग्राहकों ने सभी मॉडल्स के बारे में पूछताछ की और उनकी कीमत आदि की जानकारी हासिल की। इस मौके पर चौबीसी सर्वखाप पंचायत के प्रधान सुभाष नंबरदार, बरवाला से धर्मबीर गोयल, आदमपुर से सुरेंद्र सिंह और महम से पार्षद बोबी गोयल, देव पेट्रोल पंप के संचालक दिनेश गुप्ता समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### एमडीयू परिसर में एसएफआई का प्रदर्शन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में बढ़ती असुरक्षा और गुंडागर्दी के खिलाफ एसएफआई एमडीयू इकाई ने मोर्चा खोल दिया। छात्र संगठन ने विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो संदीप बंसल को ज्ञापन सौंपकर कैंपस में छात्राओं के साथ हो रही छेड़खानी और सुरक्षा गार्ड के साथ हुई मारपीट के मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की। एसएफआई जिला सचिव अमित पिलाना ने कहा कि कैंपस में बाहरी गाड़ियों का दखल बढ़ गया है। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि पिछले दो दिनों से एक गार्ड की पिटाई का वीडियो वायरल हो रहा है, जिससे साफ है कि जब गार्ड ही सुरक्षित नहीं हैं, तो छात्र-छात्राएं कैसे सुरक्षित रहेंगे। छात्रा ने बताया कि अभिलाषा हॉस्टल के गेट तक गाड़ियां उनका पीछा करती हैं, जिससे डर का माहौल बना हुआ है। एसएफआई ने मांग की है कि शाम के समय बाहरी गाड़ियों की एंट्री बंद की जाए, सेंट्रल पार्किंग की सुविधा हो और हर चौराहे पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी सुनिश्चित की जाए। रजिस्ट्रार ने इन मांगों पर उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया है।

## मानसरोवर पार्क, झज्जर रोड व बोहर जेएलएन को अभियान का केंद्र बनाया

*पानी संकट से जूझती कॉलोनियों को बड़ी राहत*

# टैंकर सेवा के लिए 28.50 लाख रुपये का बजट निर्धारित

**जन स्वास्थ्य विभाग ने 40 से अधिक प्रभावित क्षेत्रों में सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए तीन जलघरों से शुरू की नई व्यवस्था**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



शहर में हर साल गर्मियों के साथ गहराने वाली पानी की समस्या को देखते हुए जन स्वास्थ्य विभाग ने इस बार पहले से तैयारी कर ली है। शहर की उन कॉलोनियों के लिए, जहां पानी की किल्लत स्थायी समस्या बन चुकी है, विभाग ने टैंकरों के जरिए जलापूर्ति की विशेष योजना शुरू की है।

इस योजना के तहत करीब 28.50 लाख रुपये का बजट निर्धारित किया गया है, जिससे प्रभावित इलाकों में नियमित रूप से पानी पहुंचाया जाएगा। विभाग ने तीन प्रमुख जलघरों मानसरोवर पार्क, झज्जर रोड और बोहर जेएलएन को इस अभियान का केंद्र बनाया है। इन जलघरों के माध्यम से शहर की अलग-अलग कॉलोनियों में पानी के टैंकर भेजे जाएंगे। हर टैंकर में लगभग 4000 लीटर पानी उपलब्ध होगा, ताकि एक बार में ज्यादा से ज्यादा परिवारों की जरूरत पूरी की जा सके। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है, जिससे समय पर टैंकरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

शहर की 40 से अधिक कॉलोनियां ऐसी हैं जहां पानी का संकट लगातार बना रहता है। कई जगहों पर पाइपलाइन का दबाव कम है, तो कहीं नेटवर्क कमजोर होने के कारण नियमित सप्लाई नहीं हो पाती। ऐसी स्थिति में लोगों को हैंडपंप या निजी टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ता है, जो महंगा और असुविधाजनक होता है।

### वेबसाइट या कार्यालय जाकर टैंकर कर सकते हैं बुक

नई व्यवस्था के तहत इन सभी समस्याग्रस्त इलाकों को प्राथमिकता दी जाएगी। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि जरूरतमंद लोग विभाग की आधिकारिक वेबसाइट या संबंधित कार्यालय में जाकर टैंकर के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन मिलते ही संबंधित क्षेत्र में जल्द से जल्द पानी भेजने की व्यवस्था की जाएगी। गर्मी के मौसम में बढ़ती मांग को देखते हुए प्रत्येक जलघर के लिए लगभग 9.5 लाख रुपये का अलग बजट रखा गया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी कॉलोनी में पानी की कमी के कारण लोगों को परेशानी न झेलनी पड़े।

### इन कॉलोनियों में टैंकरों की अधिक मांग

*शहर की जींद रोड कॉलोनियों, शोरा कोठी, माता दरवाजा, आंबेडकर कॉलोनी, रैनकपुरा, सलारा मोहल्ला, लाढौत रोड, भिवानी चुंगी, पाड़ा मोहल्ला, खोखराकोट, विशाल नगर, बालकनाथ कॉलोनी, नेहरू कॉलोनी सहित अनेक कॉलोनियों में टैंकर की मांग रही है। इनमें रोजाना 15 से अधिक टैंकरों की सप्लाई की जाती है।*

## प्यासे शहर पर अधिकारियों की अदूरदर्शिता

# आखिर कब तक जन स्वास्थ्य विभाग जुगाड़ से शहर को पिलाता रहेगा पानी

**4-5 साल पहले से जेएलएन फीडर को बनाया हुआ है अस्थायी वाटर टैंक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

रोहतक में जन स्वास्थ्य विभाग(नकारा महकमा) की कार्यशैली अब सवालों के घेरे से निकलकर सीधे कटघरे में खड़ी दिखाई देती है। पिछले चार-पांच वर्षों से शहर का पेयजल प्रबंधन किसी ठोस योजना पर नहीं, बल्कि जुगाड़ की बैसाखियों पर टिका हुआ है। नतीजा यह है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद लोगों को आज भी साफ पीने का पानी नसीब नहीं हो रहा। हैरानी की बात यह है कि जहां शहर में आधुनिक जल भंडारण टैंक बनाए जाने चाहिए थे, वहां विभाग ने आसान रास्ता चुनते हुए जेएलएन नहर को ही अस्थायी स्टोरेज बना दिया। यह न केवल तकनीकी रूप से अव्यवहारिक है, बल्कि जल गुणवत्ता के साथ भी सीधा खिलवाड़ है।

गर्मियों की दस्तक के साथ ही हालात और बिगड़ने लगते हैं, लेकिन विभाग की ओर से कोई दीर्घकालिक समाधान नजर नहीं आता। हर साल वही पुराने बहाने, वही अस्थायी उपाय और वही अधूरी तैयारियां। जिनका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है।

### विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल इसलिए भी उठ रहे हैं क्योंकि इतने लंबे समय में ठोस इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने की दिशा में अपेक्षित प्रगति नहीं दिखी। बढ़ती आबादी, फैलते शहरी दायरे और जल संकट के संकेतों के बावजूद यदि योजनाएं कागजों से आगे नहीं बढ़ पा रहीं, तो यह केवल प्रशासनिक सुस्ती नहीं, बल्कि प्राथमिकताओं की कमी को दर्शाता है। शहरवासी अब यह पूछने लगे हैं कि आखिर कब तक उनकी प्यास जुगाड़ तंत्र के भरोसे बुझाई जाएगी। विशेषज्ञों का मानना है कि तत्काल प्रभाव से आधुनिक वाटर स्टोरेज टैंक, शुद्धिकरण संयंत्र और मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित करना जरूरी है, ताकि सप्लाई न केवल पर्याप्त हो, बल्कि सुरक्षित भी हो।

## डॉ. कुंदन मित्तल ने पीजीआईएमएस का नाम विश्व पटल पर रोशन किया: कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



**रोहतक।** शिशु रोग विभागाध्यक्ष डॉ. कुंदन मित्तल को आदेश यूनिवर्सिटी से फेलोशिप मिलने पर बधाई देते कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल।

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, रोहतक के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने पीजीआईएमएस के चिकित्सा अधीक्षक और शिशु रोग विभागाध्यक्ष डॉ. कुंदन मित्तल, एमबीबीएस, एमडी, एफसीसीएम, एफआईसीसीएम, एफआईएपी को अमेरिका की प्रतिष्ठित संस्था सोसायटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन (एससीसीएम) में दो महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति तथा आदेश यूनिवर्सिटी से फेलोशिप मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

कुलपति ने कहा कि डॉ. मित्तल की ये उपलब्धियां पीजीआईएमएस ही नहीं, पूरे हरियाणा और देश के चिकित्सा जगत के लिए गौरव की बात हैं। कुलपति डॉ. अग्रवाल ने कहा कि डॉ. कुंदन मित्तल ने सिद्ध कर दिया है कि हरियाणा के चिकित्सक क्लिनिकल दक्षता के साथ-साथ वैश्विक नेतृत्व में भी अग्रणी हैं।

### आईएमईए सलाहकार समूह में भारत का प्रतिनिधित्व

गौरतलब है कि एससीसीएम के अध्यक्ष ने डॉ. मित्तल को भारत, मध्य पूर्व एवं अफ्रीका (आईएमईए) सलाहकार समूह टास्क फोर्स का सदस्य भी मनोनीत किया है। यह तीन वर्षीय कार्यकाल 2025 से 2028 तक रहेगा। इस टास्क फोर्स का उद्देश्य टेरिटरी 5 और 6 में एससीसीएम के विस्तार के लिए रणनीतिक मार्गदर्शन देना है। डॉ. मित्तल क्षेत्रीय स्वास्थ्य रुझानों, सदस्य जोड़ने की नीति और शैक्षणिक अवसरों पर संस्था मुख्यालय को विशेषज्ञ सलाह देंगे। डॉ. कुंदन मित्तल ने कहा कि यह सम्मान पीजीआईएमएस परिवार, हरियाणा सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाएं के कारण संभव हुआ है। उन्होंने बताया कि उनका प्रयास रहेगा कि एफसीएस ऑब्सटेट्रिक्स समिति के माध्यम से भारत में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाया जाए।

*नगर निगम की कार्रवाई तेज, गंदगी फैलाने वालों के चालान और लोगों को किया जागरूक*

# 'नई सोच, नया शहर' अभियान के तहत वार्ड-6 में की साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



**रोहतक।** चालान काटते नगर निगम की टीम। फोटो: हरिभूमि

नई सोच, नया शहर-स्वच्छ हरियाणा अभियान के अंतर्गत नगर निगम ने शुक्रवार को वार्ड नंबर 6 में विशेष सफाई अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य केवल शहर की सफाई करना ही नहीं, बल्कि नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनके व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाना है।

नगर निगम आयुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि अभियान के तहत बाजारों, गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर नियमित सफाई के साथ-साथ कूड़ा उठान का कार्य लगातार किया जा रहा है। इसी कड़ी में वार्ड-6 में वार्ड सदस्य प्रतिनिधि नवरत्नमल भटनागर की उपस्थिति में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़कों, नालियों और सार्वजनिक स्थलों की गहन सफाई करवाई गई। अभियान के दौरान दुकानदारों और आम नागरिकों को कूड़ा इधर-उधर न फैलाने, गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग रखने और प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए जागरूक किया गया। इसके साथ ही लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया गया, ताकि वे दैनिक जीवन में इन आदतों को अपनाएं।

नगर निगम की टीम द्वारा शहर में लगातार निरीक्षण भी किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

### 6 चालान काटे

कुल 6 चालान किए गए, जिनमें एक टेम्पो चालक को सार्वजनिक स्थान पर कूड़ा डालते हुए पकड़ा गया, जिस पर 3000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा अन्य पांच लोगों पर भी गंदगी फैलाने के आरोप में चालान किए गए। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने के लिए इस प्रकार के अभियान लगातार जारी रखे जाएं। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं, कूड़ा निर्धारित स्थान पर ही डालें और अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखें, ताकि शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाया जा सके।

## काहनौर में फानों में लगी आग फायर ब्रिगेड को नहीं दी सूचना

**रोहतक।** काहनौर गांव के खेतों में शुक्रवार देर शाम गेहूं के फानों में अचानक आग लगने से पूरे गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दिनभर की गर्मी के बाद जैसे ही शाम ढली, खेतों से उठती लपटों ने लोगों को चौंका दिया। आग की तेज चमक दूर-दूर तक दिखाई देने लगी, जिसे देखकर ग्रामीण तुरंत खेतों की ओर दौड़ पड़े। हैरानी की बात यह रही कि स्थिति गंभीर होने के बावजूद किसी ने फायर ब्रिगेड को सूचना देना जरूरी नहीं समझा और ग्रामीणों ने अपने स्तर पर ही आग बुझाने की जिम्मेदारी संभाल ली। बताया जा रहा है कि खेतों में पड़े सूखे फाने और हल्की तेज हवा ने आग को और भड़काने का काम किया। कुछ ही मिनटों में आग ने बड़ा क्षेत्र घेर लिया और ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो खेतों में आग की लपटें एक-दूसरे का पीछा कर रही हों। ग्रामीणों ने हरी टहनियों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। घंटों की मशक्कत के बाद आग को काफी हद तक नियंत्रित कर लिया गया, लेकिन देर रात तक कई जगहों पर फाने सुलगते रहे। राहत की बात यह रही कि कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। हालांकि फसलों के अवशेष जलने से किसानों को नुकसान जरूर हुआ है। फानों से किसानों को तूड़ा बनवाना था। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, जिससे ग्रामीणों में चिंता बनी हुई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक



इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20





## लोजपा ने श्रमिक दिवस पर उनके अधिकारों की रक्षा का लिया प्रण

**रोहतक।** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) जिला इकाई द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडेय ने किया, जिसमें पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने अपने संबोधन में श्रमिकों को राष्ट्र निर्माण की रीढ़ बताते हुए उनके योगदान को सराहा। उन्होंने कहा कि देश की आर्थिक प्रगति श्रमिकों के परिश्रम पर आधारित है, इसलिए उनके अधिकारों की रक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना प्रत्येक सरकार और समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। उन्होंने श्रमिक वर्ग के लिए बेहतर कार्य परिस्थितियां, सामाजिक सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष प्रणव कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष सचिन सैनी, अनिल शर्मा, संजय साह, वकील साह, हल्का अध्यक्ष मिथलेश पाण्डेय, उपाध्यक्ष रंजीत चौधरी, रणबीर सिंह, सुरेश कुमार और प्रमोद कुमार सिंह सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने श्रमिक हितों की रक्षा, सामाजिक न्याय और समानता के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया।

## शोषण, भेदभाव व दमन के खिलाफ संघर्ष तेज करने का किया आह्वान

- सैकड़ों मजदूरों ने निकाला जुलूस, ठेका प्रथा खत्म कर 30 हजार न्यूनतम वेतन की मांग

**रोहतक।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर शहर में सैकड़ों मजदूरों, कर्मचारियों और किसानों ने संकल्प सभा आयोजित कर अपने अधिकारों के लिए जोरदार प्रदर्शन किया। निगम कार्यालय पर आयोजित इस सभा की अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ और सीटू के नेताओं ने संयुक्त रूप से की। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने मजदूरों के शोषण, भेदभाव और दमन के खिलाफ संघर्ष तेज करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज भी कई औद्योगिक क्षेत्रों में मजदूरों को 8 घंटे काम और उचित वेतन जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। नेताओं ने केंद्र सरकार की श्रम नीतियों की आलोचना करते हुए ठेका प्रथा समाप्त करने और न्यूनतम 30 हजार रुपये मासिक वेतन लागू करने की मांग उठाई। साथ ही नोएडा और मानेसर में गिरफ्तार मजदूरों की रिहाई की भी मांग की गई। सभा के बाद मजदूरों ने जुलूस निकालकर अंबेडकर चौक तक प्रदर्शन किया, जहां कार्यक्रम का समापन हुआ।



**रोहतक।** मांगों के लिए प्रदर्शन करते विभिन्न संगठन के सदस्य। फोटो: हरिभूमि



**महम।** श्रमिक दिवस पर शहर में जुलूस निकालते विभिन्न संगठनों से जुड़े कर्मचारी व मजदूर।

## मजदूरों ने निकाला जुलूस, एकजुट होकर संघर्ष करने का दिया संदेश

**महम।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के मौके पर महम दमकल केंद्र में श्रमिकों ने कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ के महम ब्लॉक प्रधान राजेंद्र सिंह डाबला, कर्मचारी नेता रामभत व बबीता ने सयुंक्त रूप से की। सभा का संचालन सीटू जिला प्रधान कामरेड प्रकाश चंद्र ने किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. वीरेंद्र मलिक, हरियाणा सचिव (सीटू) ने मजदूर दिवस के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने अपने संबोधन में सरकार की जनविरोधी नीतियों की आलोचना करते हुए मजदूर वर्ग से एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया और मई दिवस के संकल्प को दोहराया। सभा के बाद दमकल केंद्र से नगरपालिका कार्यालय तक जुलूस निकाला गया, जिसमें कर्मचारियों और मजदूरों ने नारेबाजी करते हुए सरकार के खिलाफ विरोध जताया। इस मौके पर कई नेताओं ने अपने विचार व्यक्त किए, जिनमें दमकल विभाग महम के प्रधान सोमबीर, सर्व कर्मचारी संघ के वरिष्ठ उपप्रधान जगदीश फौजी, उपप्रधान प्रदीप बेरवाल, भवन निर्माण यूनियन के जिला प्रधान सतपाल, आशा वर्कर यूनियन की फुलवती, किसान सभा से मास्टर बलवान और शमशेर सिंह, रिटायर्ड कर्मचारी संघ से राय सिंह नेहरा और रामकुवार, खेत मजदूर यूनियन से रामचंद्र बैंसी, पीडब्ल्यूडी 41 के नेता विकास फरमाणा और धर्मराज घणघस, मीड डे मिल वर्कस यूनियन जिला सह सचिव कांता आदि ने विचार रखे।

# सुपवा का दीक्षांत समारोह 4 को, 'अभिव्यंजना' का पोस्टर लॉन्च 760 विद्यार्थियों को दी जाएंगी डिग्रियां, 35 को गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) के द्वितीय दीक्षांत समारोह व 11वीं कला प्रदर्शनी 'अभिव्यंजना' का शुक्रवार को पोस्टर लॉन्च किया गया। यूनिवर्सिटी के गेस्ट हाउस में कुलगुरु डॉ. अमित आर्य व रजिस्ट्रार डॉ. गुंजन मलिक मनोचा ने पोस्टर लॉन्च किया। दीक्षांत समारोह के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहेंगे, जबकि शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा विशिष्ट अतिथि रहेंगे। इस दौरान परीक्षा नियंत्रक डॉ. अजय कौशिक, फैकेल्टी कॉर्डिनेटर महेश टीपी, अजय बाहू जोशी, विनय कुमार व डॉ. शैली खन्ना भी मौजूद रहे।

सुपवा के कुलगुरु डॉ. अमित आर्य ने बताया कि द्वितीय दीक्षांत समारोह 4 मई को यूनिवर्सिटी परिसर में मनाया जाएगा। इसकी अध्यक्षता प्रदेश के राज्यपाल एवं यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रो. असीम कुमार घोष डिग्रियां वितरित करेंगे। साल 2014 में अस्तित्व में आने के बाद सुपवा का यह दूसरा दीक्षांत समारोह है, इससे पहले 2021 में पहला दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया था। पांच साल बाद हो रहे इस दीक्षांत समारोह में ग्रेजुएशन व पोस्ट ग्रेजुएशन की सफलतापूर्वक पढ़ाई पूरी कर चुके 760 छात्र-छात्राओं को डिग्रियां वितरित की जाएंगी। डॉ. आर्य ने बताया कि दीक्षांत समारोह के दौरान 35 मेधावी छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल प्रदान किए जाएंगे। इस दौरान फिल्म एंड टेलीविजन फैकेल्टी के 2018 बैच के 42 छात्र-छात्राओं को भी डिग्री प्रदान की जाएंगी। ये वे छात्र हैं, जिनकी डिग्री कोर्स पूरा न होने के कारण अटकी हुई थी।

### मुख्यमंत्री होंगे मुख्यातिथि, कल से शुरू होगी कला प्रदर्शनी



**रोहतक।** सुपवा में दीक्षांत समारोह के पोस्ट का विमोचन करते कुलपति अमित आर्य, रजिस्ट्रार डॉ गुंजन मलिक मनोचा व अन्य प्रोफेसर। फोटो: हरिभूमि

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही

*रजिस्ट्रार डॉ. गुंजन मलिक मनोचा ने बताया कि डीएलसी सुपवा कला एवं सांस्कृतिक शिक्षा देने वाली देश की एकमात्र ऐसी सरकारी यूनिवर्सिटी है, जहां संगीत, नृत्य, नाटक, ललित कला, प्लानिंग एवं आर्किटेक्चर, डिजाइन, विजुअल आर्ट्स आदि की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। यहां से शिक्षित छात्र राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुपवा परिवार, प्रदेश व देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन सिर्फ डिग्री प्राप्त करने का अवसर नहीं है, बल्कि छात्रों के परिश्रम और समर्पण का सम्मान करने का मौका भी है।*

### 5 मई से आम जनता की एंट्री

सुपवा के कुलगुरु डॉ. अमित आर्य ने बताया कि कला प्रेमियों के लिए प्रदर्शनी 'अभिव्यंजना' की शुरुआत 3 मई को फैकेल्टी ऑफ डिजाइन परिसर में होगी। यह प्रदर्शनी स्कूल-कॉलेज के छात्रों, कला प्रेमियों व आम लोगों की एंट्री के लिए 5 मई को ओपन की जाएगी, जो 8 मई तक जारी रहेगी। 'अभिव्यंजना' सुपवा के फैकेल्टी ऑफ विजुअल आर्ट्स की 11वीं सालाना कला प्रदर्शनी है। इसमें विजुअल आर्ट्स के स्नातक व स्नातकोत्तर के प्रथम वर्ष से अंतिम वर्ष तक के छात्र अपनी साल भर में तैयार की गई कलाकृतियों को प्रदर्शित करेंगे।

### अलग-अलग अनुभव कराएगा कला शैलियों का अद्भुत संगम

अभिव्यंजना में फैकल्टी ऑफ विजुअल आर्ट्स के विभिन्न विभागों एनिमेशन, मल्टीमीडिया, एप्लाइड आर्ट्स, पेंटिंग, स्कल्पचर और प्रिंटमेकिंग के छात्रों की कलाकृतियां प्रदर्शित की जाएंगी। पारंपरिक व आधुनिक कला शैलियों का यह संगम दर्शकों को विविध अनुभव प्रदान करेगा। डिजिटल आर्ट से लेकर क्लासिकल पेंटिंग और थ्री डायमेंशन स्कल्पचर तक, हर माध्यम की झलक यहां देखने को मिलेगी।